कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 30.01.2023

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में

वेल्थ मैनेंजमेंट एवं टैक्स प्लानिंग पर सेमीनार

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग में वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम वेल्थ मैनेंजमेंट एण्ड टैक्स प्लानिंग आयोजित किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर के वेबीनार में 60 प्राध्यापकों ने भागीदारी की।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वी.एफ.एस.आई. के राष्ट्रीय प्रशिक्षक श्री रघुनंदन पटनायक थे। श्री पटनायक ने अपने उद्बोधन में वेल्थ एवं टैक्स प्लानिंग के संबंध में महत्वपूर्ण एवं सारगर्भित जानकारियाँ पावर प्वाईन्ट के माध्यम से दी।

प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चंद तिवारी ने उक्त प्रोग्राम की उपयोगिता एवं विद्यार्थियों को भविष्य में बचत और विनियोग में कैसे सामंजस्य बनाना है पर अपने विचार दिये।

इसी तरह वाणिज्य विभाग के द्वारा बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर सुराना महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. डी.आर. भवनानी का व्याख्यान आयोजित किया गया। डॉ. भवनानी ने बौद्धिक सम्पदा अधिकार के विभिन्न नियमों की जानकारी विद्यार्थियों को दी। उन्होंने सम्पत्ति एवं सम्पदा में अन्तर को रोचक ढंग से परिभाषित किया।

कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग के विभागाध्य डॉ. अनिल जैन ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ. के. एल. राठी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ–साथ लगभग 70 छात्राओं ने सहभागिता दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. मंजूलता साव, कु. नूतन देशमुख एवं कु. डिम्पल साहू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)